समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# Murderbaad Review: जयपुर की गलियों मे छुपा रहस्य, जो आपको टूरिस्ट गाइड पर शक करने को मजबूर कर देगा!

Publisher
Published on 19 Jul 2025

**Murderbaad Review: ये फिल्म देखकर टूरिस्ट गाइड के साथ घूमने मे डंर लगेगा, दिमाग घुमा देने वाली मर्डर मिस्ट्री**

बॉलीवुड की भीड़ में जब कोई नई और छोटी फिल्म बिना ज्यादा शोर के आती है, तो वो या तो नजरअंदाज हो जाती है या फिर धीरे-धीरे लोगों के दिल में जगह बना लेती है। **'Murderbaad'** दूसरी कैटेगरी में आती है — एक छोटी लेकिन दमदार फिल्म जो दर्शकों को आखिर तक बांधे रखती है।

---

### ? कहानी क्या है?

कहानी सेट है जयपुर में, जहां **जयेश** (नकुल रोशन सहदेव) एक टूरिस्ट गाइड है। टूर ग्रुप में शामिल होती है एक NRI लड़की **कनिका कपूर**, जिससे जयेश को प्यार हो जाता है। लेकिन इस रोमांटिक सेटअप में भूचाल तब आता है जब होता है एक मर्डर — और कहानी सस्पेंस से भर जाती है।

**मर्डर किसका हुआ? क्यों हुआ? किसने किया?**
ये सवाल आपके दिमाग में गूंजते रहेंगे और जवाब थियेटर में ही मिलेंगे।

---

### ? परफॉर्मेंस कैसी है?

- **नकुल रोशन सहदेव**: मासूमियत से भरा किरदार और उनकी एक्टिंग उसमें जान डालती है।
- **कनिका कपूर**: स्क्रीन पर फ्रेश लगती हैं, एक्टिंग में स्कोप है लेकिन उन्होंने अच्छा प्रयास किया है।
- **शारिब हाशमी**: हमेशा की तरह दमदार — हर सीन में जान डाल दी है।
- **मनीषा चौधरी और सलोनी बत्रा**: अपने-अपने रोल्स में फिट बैठती हैं।

---

### ? डायरेक्शन और तकनीकी पक्ष

डायरेक्टर **अर्नब चटर्जी** की उम्र सिर्फ 25 साल है, लेकिन उनकी समझ और विजन वाकई प्रभावित करता है।
सस्पेंस की ग्रिप बनाने में वे सफल रहे हैं, हां, स्क्रिप्ट और एडिटिंग में थोड़ी कसावट होती तो फिल्म और निखरती।

- जयपुर की विजुअल्स खूबसूरत लगती हैं
- बैकग्राउंड स्कोर ठीक-ठाक है
- कुछ सीन खिंचे हुए लगते हैं, लेकिन कहानी भटकती नहीं

---

### ? हमारा Verdict:

**अगर आप थ्रिलर और मर्डर मिस्ट्री पसंद करते है**, तो *Murderbaad* आपको निराश नहीं करेगी। कम बजट के बावजूद फिल्म अपने स्ट्रॉन्ग कांसेप्ट, परफॉर्मेंस और ट्विस्ट्स के दम पर एक एंटरटेनिंग पैकेज है।

## ? रेटिंग : 3.5/5 स्टार

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.